# मंकीपॉक्स आइसोलेशन दिशानिर्देश

उन लोगों के लिए निर्देश जो ऑर्थोपॉक्स वायरस या मंकीपॉक्स वायरस पॉजिटिव हैं।

तब तक आइसोलेट रखें जब तक कि सभी घाव ठीक न हो जाएं, पपड़ी गिर न जाए और अटूट त्वचा की एक नई परत न बन जाए (आमतौर पर 2-4 सप्ताह)।

आपात्कालीन स्थिति या फॉलोअप चिकित्सा देखभाल के लिए आवश्यकता को छोड़कर घर पर ही रहें।

यदि एक ही घर में अन्य लोग भी रहते हैं तो, संभव होने पर एक अलग बाथरूम का उपयोग करें।

यदि आपको घर में अन्य लोगों के निकट जाने की आवश्यकता होती है तो अच्छी फिटिंग वाला मास्क या रेस्पिरेटर पहनें।

सामान्य रूप से छुई जानेवाली सतहों को पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी (Environmental Protection Agency, EPA) पंजीकृत कीटाणुनाशक का उपयोग करके नियमित रूप से स्वच्छ और कीटाणुरहित करें।

साबुन और पानी से हाथ धोएं और कम से कम 60% अल्कोहल वाले हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करें।

सभी यौन गतिविधियों से दूर रहें।

घर में अन्य लोगों और पालतू जानवरों से निकट संपर्क में आने से बचें।

आंखों के संक्रमण की रोकथाम के लिए कॉन्टैक्ट लेंस के उपयोग से बचें।

वायरस को फैलने से रोकने के लिए शरीर के उन हिस्सों को शेव करने से बचें जहां छाले या घाव हों।

NJ Health
New Jersey Department of Health

Centers for Disease Control and Prevention से अनुकूलित।

अधिक जानकारी के लिए, देखें nj.gov/health/monkeypox।

6/1/24